QP CODE: 25049533

25049533

Reg No : .....

Name : .....

UNDER GRADUATE (CBCS)PRIVATE (IMPROVEMENT/ REAPPEARANCE/ MERCY CHANCE EXAMINATION, NOVEMBER 2025

First Semester

Common Course II - HN1CCT02 - HINDI - PROSE AND MASS MEDIA

Common for all Model I B.Com Programmes

2017 Admission Onwards

Time: 3 Hours Max. Marks : 80

Instructions to Private candidates only: This question paper contains two sections. Answer SECTION I questions in the answer-book provided. SECTION II, Internal examination questions must be answered in the question paper itself. Follow the detailed instructions given under SECTION II

SECTION - I

Part A

*Answer any **ten** questions.*

*Each question carries **2** marks.*

1. नेहरू की राय में पश्चिमी देशों में भौतिक समृद्धि कैसे संभव हुई?
2. जूठन में लेखक के पुराने मित्र का नाम क्या था। उनसे लेखक की मुलाकात पहले कहाँ हुई थी?
3. हरिशंकर परसाईजी हिंदी साहित्य जगत में कैसे निबंधकार के रूप में लोकप्रिय हैं ? उनके किसी एक निबंध का नाम लिखिए।.
4. 'इसरो' का पूर्ण रूप हिंदी में क्या है ?
5. तेगलिग गांव कहाँ स्थित है ? उस गांव की विशेषता क्या है ?
6. स्वयं प्रकाश की कहानियों की खासियत क्या है?
7. आघात' फिल्म में ओमपुरी की भूमिका कौन-सी थी? इसका निदेशक कौन थे ?
8. कुमुद शर्मा की किन्हीं दो रचनाओं के नाम लिखिए।
9. विज्ञापनों में स्त्री की कौन कौन सी छवियाँ दिखाई देती है?
10. माध्यम की तलाश आलेख का वर्ण्य विषय क्या है?
11. रामशरण जोशी किस कर्म क्षेत्र से जुड़ा है ?वे किन किन पुरस्कारों से सम्मानित है?
12. किन किन फिल्मों में युवा 'उत्तर नेहरू कालीन भारत' को रिजेक्ट करता हुआ दिखाई देता है?

(10×2=20)

Part B

*Answer any **six** questions.*

*Each question carries **5** marks.*

13. जूठन के लेखक के जीवन में महेन्द्र वशिष्ठ की भूमिका क्या थी?

14. 'जब मैं घर में घुसा , बिजली जलाई, तो मैंने देखा कि वह खुशी से चहकता हुआ यहाँ से वहाँ दौड़ रहा है" (क) प्रस्तुत गद्य भाग किस निबंध से लिया गया है? (ख) लेखक कौन हैं? (ग) लेखक ने ऐसा क्यों कहा हैं?

15. अब्दुल कलाम के पिता जैनुलाबदीन का परिचय दीजिए।

16. गणेश पार्क का वर्णन कीजिए ?

17. बार बार सरकार बदल जाने पर रतनलाल को किन किन मुसीबतों का सामना करना पड़ा ?

18. ओमपुरी की राय में हॉलीवुड और बॉलीवुड फिल्मों में क्या अंतर है?

19. विज्ञापन की दुनिया में स्त्री की दोनों ही छवियाँ विज्ञापनदाताओं के बड़े काम की है। स्पष्ट कीजिए।

20. फ़िल्मी गानों का साहित्य से कोई ताल्लुक नहीं। राही मासूम रज़ा ऐसा क्यों कहते हैं ?

21. भारतीय युवापीढ़ी के किन किन अंतर्विरोधों पर प्रकाश डालने का प्रयास राम शरण जोशी ने किया है?

(6×5=30)

Part C

*Answer any **two** questions.*

*Each question carries **15** marks.*

22. समाज में कायम जातीय भेद -भाव पर करारी चोट है जूठन। -स्पष्ट कीजिए।

23. चूहा और मैं' निबंध का सारांश लिखकर लेख में अभिव्यक्त 'व्यंग्य' पर प्रकाश डालिए।

24. विज्ञापन की दुनिया में आज विज्ञापन और स्त्री ,दोनों एक दूसरे के पर्याय बन गए है। विचार कीजिए।

25. लेखक के अनुसार 'चक दे इंडिया 'फिल्म को युवाओं के स्वप्नों में पलता रूपक भी कहा सकता है। विचार कीजिए।

(2×15=30)